तापमान
अधिकतम 29 .1 डिग्री
न्यूनतम 16 .2 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 मार्च 2025

9 गांव भिरड़ाना के सरपंच प्रतिनिधि का काटा चालान, डंडों से पीटा

10 हिसार के लेफ्टिनेंट कमांडर देवदत्त शर्मा का अद्धितीय कारनामा


## खबर संक्षेप



### 9 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट से चयन

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के 9 विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित कंपनी स्पार्क मिंडा ग्रुप, नोएडा में हुआ, जिनमें से 5 विद्यार्थी इलेक्ट्रिकल और 4 मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग से हैं। सभी चयनित विद्यार्थियों को जुलाई माह में जॉइनिंग दी जाएगी। इन विद्यार्थियों को वार्षिक 2.40 लाख रुपये के पैकेज पर नियुक्त किया गया है। यह सभी छात्र वर्तमान में अपने अंतिम सेमेस्टर में हैं, लेकिन उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा और व्यावहारिक ज्ञान को देखते हुए उन्हें पहले ही नौकरी की पेशकश मिल गई है। प्रधानाचार्य डॉ. सुनील कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को डिप्लोमा पूरा होने से पहले नौकरी प्राप्त करने पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष संजय कुमार, संजीव कुमार, विकास कुमार, विकास मोदी, जितेंद्र श्योराण सहित उपस्थित रहे।

### बदमाशों ने चाकू मार नकदी व फोन छीना

**हिसार।** महाबीर कॉलोनी स्थित डबल फाटक के पास सोमवार देर रात को 3 बदमाश एक युवक को चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान बदमाशों ने उसे घायल कर 200 रुपये नकदी और फोन छीनी लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश फरार हो गए। महाबीर कॉलोनी के घायल युवक दिनेश को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया। बताया जाता है कि दिनेश रेलवे स्टेशन से पैदल अपने घर की तरफ जा रहा था, उस दौरान वारदात हुई।

### गाय चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** थाना एचटीएम पुलिस ने नई सब्जी मंडी से गाय चोरी मामले में दो आरोपियों रूप नगर निवासी मनोज उर्फ वासु और ढाणी लाल निवासी मनदीप उर्फ धोली को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य सिपाही मनोज कुमार ने बताया कि ढाणी श्याम लाल निवासी रोहित ने नई सब्जी मंडी से 11 मार्च को 2 गाय चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों मनोज उर्फ वासु और मनदीप उर्फ धोली को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपियों ने चोरी शुदा गायों को आगे बेच दिया है।



### लुवास में दो सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर पदोन्नति

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय द्वारा सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर के पदों पर कार्यरत अमित कुमार व पूजा को निजी सहायक के पदों पर पदोन्नत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लुवास गैर शिक्षक संघ के प्रधान दयानंद सोनी ने यूनियन की तरफ से इन पदोन्नतियों के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) नरेश जिंदल एवं कुलसचिव डॉ. सुरेन्द्र सिंह ढाका का आभार व्यक्त किया। लुवास गैर शिक्षक संघ की तरफ से उपप्रधान अमित गुर्जर, महासचिव संदीप कुंडू, सचिव कुलदीप सैनी, प्रचार सचिव शलेन्द्र गुर्जर, खजांची सतीश कुमार, रोहताश, विनोद सिंह आदि मौजूद रहे।

# युवक ने होटल में लगाया फंदा, सुसाइड नोट में लिखा 'मुझे प्यार में मिला धोखा'

## राजस्थान का रहने वाला है युवक, प्रेमिका व उसके परिजनों को ठहराया मौत के लिए जिम्मेदार

- सुसाइड नोट में लड़की व उसके परिजनों पर पैसे ऐंठने का भी आरोप
- पुलिस ने छानबीन शुरू की शव परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राजस्थान के एक युवक ने डाबड़ा चौक के पास स्थित एक होटल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। राजगढ़ के रहने वाले युवक ने जान देने से पहले एक सुसाइड नोट भी लिखा है। सुसाइड नोट में युवक ने अपनी मौत का जिम्मेदार अपनी प्रेमिका व उसके परिजनों को बताया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। पुलिस ने मृतक द्वारा लिखे गए सुसाइड नोट अपने कब्जे में ले लिया है।

आत्महत्या करने से पहले राजस्थान की चुरू जिले की राजगढ़ वासी अक्षय सोनी द्वारा लिखे गए सुसाइड नोट में एक लड़की से प्यार करने और लड़की द्वारा उसे प्यार में धोखा देने की बात लिखी है। अक्षय ने सुसाइड नोट में लिखा है कि मैं मेरी जिंदगी से परेशान हो चुका है क्योकि मैंने एक लड़की से प्यार किया था और उसे लड़की ने हमेशा मेरा यूज किया। हर बार उस लड़की ने मेरे साथ खेल खेला और मुझे ब्लैकमेल किया। इस साजिश में उसके भाई व अन्य परिजन भी शामिल हैं। सुसाइड नोट में युवक ने लड़की व उसके परिजनों पर उसके पैसे ऐंठने का भी आरोप लगाया है। उसके घरवाले मुझे खत्म करने की भी धमकी देते हैं। मैंने सच्चा प्यार किया था। मैंने हमेशा उसका साथ दिया। लड़की हमेशा बोलती थी कि वह मुझसे प्यार करती है, लेकिन हकीकत शायद कुछ और थी। लेकिन लड़की ने मेरी लाइफ बर्बाद कर दी और मेरी जिंदगी के साथ खेला व धोखा दिया। मैं डिप्रेशन में चला गया और यह सब मेरे बस में नहीं रहा, इसलिए मैं अपनी जिंदगी को खत्म कर रहा हूं। लड़की व उसके परिजनों ने मुझे बहुत धमकाया और मुझे मानसिक रूप से परेशान किया। जिसके कारण मैं जिंदगी को खत्म कर रहा हूं। मेरी मेरे घर पर भी बाते नहीं होती है। मम्मी-पापा को किसी भी तरह से परेशान न किया जाए और न मेरे भाई-बहन या परिवार के एक भी सदस्य को परेशान न किया जाए। दोस्ती मुझे नहीं करनी चाहिए थी।


हिसार। होटल में छानबीन करती पुलिस।

### सजा सुनाने के एक दिन पहले कैदी ने फंदा लगाकर जान दी

**हिसार।** जेल में बंद एक कैदी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कैदी एक महिला की हत्या व लूट के मामले में दोषी करार था। कैदी का शव मंगलवार को शौचालय में लटका मिला। कैदी सुनील को गंगवा गांव की महिला राममूर्ति की हत्या के आरोप में अदालत ने 13 मार्च को दोषी करार दिया था और उसे बुधवार को अदालत द्वारा सजा सुनाई जानी थी। मामले के अनुसार मार्च 2023 में महिला के पति ने आजाद नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी कि राममूर्ति पड़ोस में गई हुई थी और रात को आकर सो गई थी। सुबह वह शौचालय गई तो काफी देर तक वापस नहीं लौटाने पर उसने जाकर देखा तो राममूर्ति शौचालय के सामने बेहोश पड़ी थी। शरीर पर खरोंच के निशाने थे। उसके हाथ, कान व पैरों में सोने व चांदी गहने गायब थे। उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने सुनील को इस मामले में गिरफ्तार किया था। सुनील को अदालत ने 13 मार्च को दोषी करार दिया था और उसे बुधवार 19 मार्च को सजा सुनाई जानी थी।

### गोमांस के साथ पकड़े पिकअप चालक को 4 साल की सजा

**हिसार।** पिकअप वाहन से गोमांस बरामद होने के मामले में अदालत ने दोषी कारार यूपी के मेरठ निवासी चालक शान मोहमद को 4 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। दोषी पर 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। बता दें कि अदालत ने शान मोहमद को सोमवार को दोषी करार दिया था। सिटी थाना पुलिस ने 5 नवंबर 2022 को केस दर्ज किया था। बरवाला के महिपाल ने बताया था कि 4 नवंबर की रात सूचना के आधार पर किरोड़ी निवासी साथी मोहित और अन्य के साथ सिरसा चुंगी के पास पहुंचा। कुछ देर बाद एक पिकअप गाड़ी ढंढूर की तरफ से आती हुई दिखाई दी। उसको रोकने का इशारा किया तो चालक ने हम पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। उसके बाद हमने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप को रुकवाया। गाड़ी के अंदर करीब 35 क्विंटल गोमांस था। चालक ने अपना नाम शान मोहमद बताया था। उसके बाद चालक को सिटी थाना पुलिस के हवाले किया था। अगले दिन कई संगठनों के सदस्य सिटी थाने में पहुंचे थे और शिकायत दी थी।

# इन्वेस्टमेंट करने के नाम पर शिक्षक से 14 लाख रुपये की ठगी, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

साइबर थाना पुलिस ने इन्वेस्टमेंट के नाम पर की गई 14 लाख रुपये के धोखाधड़ी मामले में एक आरोपी बजाज एनक्लेव, उत्तम नगर दिल्ली निवासी हिमांशु को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी फ्रॉड के पैसे ट्रांसफर करवाने के लिए अन्य लोगों के बैंक अकाउंट खुलवाता और उन बैंक अकाउंट को मुख्य आरोपियों को उपलब्ध करवाता था। पुलिस ने आरोपी से वारदात में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

जांच अधिकारी एएसआई नरेंद्र सिंह ने बताया कि हिसार साइबर थाना में एनसीसीआरपी पोर्टल से इनवेस्टमेंट के नाम पर 14 लाख रुपये की ठगी होने के बारे शिकायत प्राप्त हुई। इसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अध्यापक के पद पर तैनात है। गत 11 दिसंबर 2024 को उसके व्हाट्सएप पर ट्रेडिंग में निवेश करने के लिए एक मैसेज के माध्यम से लिंक आया, क्लिक करते ही उसे वेल्थ मेकिंग ग्रुप में जोड़ दिया गया। ग्रुप में आयुष जैन नामक व्यक्ति ने शिकायतकर्ता से कहा कि आप इसमें निवेश करोगे तो अच्छा मुनाफा होगा।


साइबर थाना पुलिस के गिरफ्त में आरोपी।

### प्रोफिट का लालच दिया

व्हाट्सएप ग्रुप में आए मैसेज से प्रभावित हो शिकायतकर्ता ने इन्वेस्टमेंट के लिए 17 दिसंबर 2024 से 26 दिसंबर 2024 तक उक्त आयुष जैन नामक व्यक्ति के कहे अनुसार और उनके द्वारा दिए गए बैंक अकाउंट में 14 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। जो शिकायतकर्ता की इन्वेस्टमेंट आईडी में प्रॉफिट के साथ दिखाई दे रहे थे। 27 दिसंबर 2024 को जब शिकायतकर्ता ने उस आईडी से पैसे निकालने चाहे तो पैसे नहीं निकले और उसे उस ग्रुप से रिमूव कर दिया गया। साथ ही पैसे निकालने के बारे व्हाट्सएप पर मैसेज किए तो शिकायतकर्ता को टैक्स पे करने के बारे कहा गया। जिस पर शिकायतकर्ता को ठगी का अहसास हुआ।

# 5 लाख 67 हजार ठगने के दो आरोपी गिरफ्तार किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

साइबर क्राइम थाना पुलिस ने पार्ट टाइम जॉब के नाम पर 5 लाख 67 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान राजस्थान की तहसील जामवा के गांव भारदारो की ढाणी निवासी दिलकुश व जयपुर जिले की बस्सी तहसील की ढाणी भोपा निवासी नरेश के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार गढ़ी निवासी संदीप शर्मा ने साइबर क्राइम थाना हांसी में एक शिकायत दी थी कि वह कोटक महेन्द्रा बैंक हिसार मे नौकरी करता हूं और 4 जनवरी को मेरे मोबाईल के व्हाट्सअप पर पार्ट टाइम जॉब करके रुपये कमाने का मैसेज आया। मैसेज पर दिए गए नंबर पर जब मैंने संपर्क किया तो उन्होंने मुझे एक लिंक भेज कर टेलीग्राम पर इनवाइट करके मुझे विभिन्न होटलों के लिंक भेजकर रेटिंग देने का काम दिया। उसके बदले में मेरे को हर रेटिंग पर 120 रुपये दिए गए। इस प्रकार उन्होंने मेरे खाते में कई बार 240-240 रुपये डाले। उसके बाद 6 जनवरी को उन्होने मुझे ट्रेडिंग में ज्यादा रुपये कमाने का लालच देकर कहा कि आप ग्रुप जॉइन कर लो इसमें आपके रुपए जल्द डबल हो जाएंगे। इसके बाद उन्होंने मुझसे कई यूपीआई नंबरों में रुपये ट्रांसफर करवा लिए और उसके बाद बार-बार और रुपये जमा करवाने के लिए फोर्स किया। जब मैंने उनसे अपने रुपये मांगे तो उन्होंने कहा कि आपको और रुपये देने होंगे फिर आपके रुपये अकाऊंट में आ जाएंगे। बाद उसे पता कि कुल 567,000 रुपये का फ्रॉड हुआ है।


हिसार। आरोपी पुलिस गिरफ्त में

## बैंक खाते से उड़ाए 98 हजार 554 रुपये

- आदर्श कालोनी के बुजुर्ग के साथ ठगी
- खाते से चार बार रुपये कटने का मैसेज आया

**हांसी।** साइबर ठगों ने बिना ओटीपी या सीवीवी ने बताए एक अधेड़ व्यक्ति के खाते से 98554 रुपये निकाल लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि की मामला करीब 20 दिन पुराना है। लेकिन साइबर थाना पुलिस द्वारा इस संदर्भ में मंगलवार को मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को दी गई शिकायत में आदर्श कालोनी निवासी रामनाथ ने बताया कि उसका आईडीबीआई में खाता है और मेरे खाते में से मेरी बिना जानकारी के क्रमशः 18107, 75098, 349 व 5000 रुपये कुल 98554 रुपये मेरे बैंक खाते में से चार बार में कट गए। रामनाथ ने बताया कि खाते से रुपये कटने से पहले उसके पास ना तो किसी का फोन आया और न ही उसने किसी को ओटीपी या सीवीवी नंबर बताया और न ही उसने किसी लिंक पर क्लिक किया था। उन्होंने बताया कि मोबाइल फोन पर रुपये कटने का मैसेज आने के तुरंत बाद उसने साइबर हैल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करवा दी थी।

## समयावधि में चालान नहीं भरने वाले 18 वाहन मालिकों से पुलिस ने चालान भरवाए

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा-निर्देशानुसार हांसी पुलिस द्वारा समयावधि में चालान नहीं भरने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है जो चालान कटने पर उसे लंबे समय तक नजर अंदाज करते है। हांसी पुलिस ने साप्ताहिक अभियान चलाते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की है। हांसी पुलिस ने 18 वाहनों के चालान भरवाएं गए है। इन्हें यातायात नियमों की अवहेलना करने पर रुकवाया गया और यातायात नियमों की अवहेलना पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए इनके दस्तावेज जांचने पर पता चला कि इनका पहले चालान हो चुका है लेकिन वाहन मालिकों ने अब तक उसे नजर अंदाज करते हुए भरा नहीं है। जिसके बाद वाहनों के मालिकों से संपर्क कर चालान भरवाया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चालान जमा नहीं करवाता तो वाहन नियंत्रण में ले लिया जाएगा।

# किसान सभा ने बजट की प्रतियां जलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अखिल भारतीय किसान सभा की जिला इकाई ने मुख्यमंत्री द्वारा सोमवार को प्रस्तुत किए गए बजट को किसान व मजदूर विरोधी बताते हुए आज लघु सचिवालय के बाहर बजट की प्रतियां जलाकर रोष व्यक्त किया। किसानों के प्रदर्शन की अध्यक्षता किसान सभा के जिला प्रधान शमशेर सिंह नम्बरदार ने की। प्रदर्शनकारियों ने बजट को पूर्णतः किसान विरोधी करार दिया। बजट केवल पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाया गया है। बजट में किसान व मजदूर के लिये टैक्स व कर्ज में कोई छूट नहीं दी गई है। प्रदर्शन में मा. जयबीर मुकलान, दिनेश सिवाच, कपूर बगला, सूबेसिंह बूरा, किसान नेत्री कमला, राजेन्द्र बोबुआ, विकास झांडा, ईश्वर ग्रेवाल, सज्जन रावलवास, लक्ष्मण शाहपुर, रमेश मिरकां, राजबीर न्यौली, सतपाल शर्मा, रामफल, वजीर पूनिया, रामफल, मनोज सोनी, मा. रामकुमार न्यौली, अभयराम, पृथ्वी सिंह पूनिया, बलराज सहरावत मौजूद रहे।



हिसार। लघु सचिवालय के बाहर प्रदर्शन करते किसान सभा के पदाधिकारी।

## हत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार, 3 दिन के पुलिस रिमांड पर

- शास्त्री नगर निवासी कुलदीप की हत्या का आरोप
- बाकि आरोपियों की तलाश जारी

**हिसार।** थाना आजाद नगर पुलिस ने शास्त्री नगर निवासी कुलदीप की हत्या मामले में एक आरोपी शास्त्री नगर निवासी सुंदर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से आगामी पूछताछ जारी है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। अभियोग में बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। मामले में जांच अधिकारी उप निरीक्षक मेहनपाल ने बताया कि शास्त्री नगर निवासी सुरेश ने लड़ाई झगड़े में चोटे मारने के बारे में शिकायत दी थी। इसमें उसने बताया कि 12 मार्च की सुबह वह अपने चचेरे भाई कुलदीप के साथ सुंदर वासी शास्त्री नगर के घर के सामने बैठे थे। उसी दौरान शिकायतकर्ता ने सुंदर से पूछा कि नगर निगम चुनाव का क्या माहौल है। इसी बात को लेकर इनकी आपसी कहासुनी हो गई और सुंदर ने अपने साथियों सहित शिकायतकर्ता और कुलदीप को ईंटों से चोटे मारी। शिकायतकर्ता और कुलदीप वहां से बच निकले। पुलिस ने शिकायतकर्ता सुरेश द्वारा दी गई

### नारनौंद की नई सब्जी मंडी में हुई महापंचायत

# नशा तस्करों के खिलाफ उतरे पार्षद और सरपंच, कमेटी बनाई, चलाएंगे अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

शहर की नई सब्जी मंडी के प्रांगण में नारनौंद व आसपास के ग्रामीणों द्वारा नशे को रोकने के खिलाफ एक महापंचायत का आयोजन किया गया। इसमें नारनौंद नगरपालिका के नवनिर्वाचित सभी पार्षद व चेयरमैन व गांव भैणी अमीरपुर के सरपंच, गांव बुडाना के सरपंच व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर एक 17 सदस्यीय कमेटी का गठन भी किया गया। नारनौंद के चेयरमैन शमशेर कूकन, पार्षद दीपक शर्मा, ने कहा कि मंगलवार को हुई पंचायत में नशे को कैसे खत्म किया जाए। नशा करके जो युवा बदमाशी कर रहे हैं। जो सबको परेशान कर रहे हैं। नशे के कारण आसपास की क्षेत्र में चोरी की घटनाएं भी बढ़ रही है। सभी ने मिलकर आज आश्वासन दिया है कि नशे के खिलाफ जितना हो सके नशा बेचने वाले व खरीदने वालों पर अंकुश लगाया जाए। उन्होंने कहा कि जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान चलाया है उसी तरह हम भी सभी पार्षद व चेयरमेन मिलकर नशा मुक्त नारनौंद करना चाहते हैं।


नारनौंद। कस्बे की अनाज मंडी में पंचायत को संबोधित करते हुए सत्यवान दुहन।

### सभी मिलकर युवाओं का नशा छुड़वाएंगे

महापंचायत के आयोजक मुकेश लोहान ने कहा कि पंचायत में मौजूद सभी लोगों ने एक 17 सदस्यीय कमेटी का गठन भी किया है। कमेटी के सभी सदस्य नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाएंगे और जो युवा नशे की गर्त में जा चुके हैं। उनका नशा छुड़वाने के लिए जिस भी चीज की जरूरत है वह सभी उपलब्ध करवाई जाएंगी। युवा पीढ़ी को नशे से मुक्त करवाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर सत्यवान दुहन, सरपंच प्रीतम लोहान, दिनेश ब्यास आदि मौजूद रहे।

## बजट से महानगर के रूप में चमकेगा हिसार : गंगवा

**हिसार।** कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के बजट में विकास कार्यो को गति देने और नागरिकों के कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए है। बजट में हिसार जिले के लिए भी स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, बिजली, औधोगिक विकास, खेल तथा रक्षा क्षेत्र के लिए किए गए प्रावधानों से हमारा जिला महानगर के रूप में स्थापित होगा। उन्होंने बताया कि रक्षा सम्बंधित हथियार व अन्य उपकरणों के निर्माण के लिए हिसार में 2988 एकड़ जमीन हिसार में चिन्हित की गई है। यहां पर एयरोस्पेस डिफेंस, खाद्य प्रसंस्करण, एयर कार्गो, वेयरहाउस व टेक्सटाइल जैसी औद्योगिक इकाइयों को स्थापित की जाएगी। हिसार एयरपोर्ट में एयर कार्गो के लिए एक गोदाम बनाया जाएगा, जिसके लिए इसे 5 एकड़ भूमि तथा विमानों की पार्किंग, मरम्मत व रखरखाव के लिए 4 एकड़ भूमि उपलब्ध करवाई जाएगी। इसी प्रकार से गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में एविएशन कॉलेज के निर्माण का भी प्रस्ताव है। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि हिसार से अयोध्या, जयपुर, चंडीगढ़, अहमदाबाद व जम्मू के लिए हवाई सेवा जल्द ही प्रारम्भ कर दी जाएगी। सूक्ष्म, छोटे तथा मध्यम उद्योग सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए फैक्ट्री लाइसेंस, फायर अनापत्ति प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुमतियां, श्रम विभाग की अनुमति, ट्रेड लाइसेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र, के नियमों का सरलीकरण किया जाएगा।


रणबीर सिंह गंगवा।

## शिविर में 210 रोगियों की आंखों की जांच



**हांसी।** आमटी तालाब रोड़ स्थित लायन सदन में मंगलवार को लायन्स क्लब की ओर से लायन प्रेम वर्मा के सौजन्य से वैन्यू आई हस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क आंखों के सफेद मोतियाबिंद के आप्रेशन का शिविर लगाया गया। शिविर में फर्स्ट डिर्स्ट्रिक्ट गर्वनर लायन विशाल वढेरा, पीडीजी,लायन दीपक टुटेजा, लायन महेश बंसल, लायन वनीता अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। शिविर में वैन्यू आई अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा 210 नेत्र रोगियों की जांच की गई। नेत्र जांच के दौरान मिले 38 रोगियों को सफेद मोतियाबिंद रोगियों को आप्रेशन के लिए दिल्ली ले जाया गया। इस अवसर पर क्लब प्रधान लायन दीपक मित्तल, अशोक भुटानी, जुगल ग्रोवर, सुरेश बंसल, विजय शर्मा, ज्ञान पोपली, भूषण मेहन्दीरत्ता, रामस्वरूप खट्टर, गोपाल मुंजाल, प्रवीण गर्ग, अशोक बंसल, साधु राम सिंघल, अशोक जुनेजा, नवीन बवेजा, सुरेन्द्र बांगा, नरेश लीखा, संजय बंसल, महेन्द्र पुष्करणा, लुकेश भुटानी, भवनेश इलावादी, अशोक जुनेजा, यश अरोड़ा, विनय जैन, प्रेम वर्मा आदि सदस्य उपस्थित रहे।



# 'सिकंदर' का नया गाना रिलीज

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का गाना 'नाचे सिकंदर' रिलीज हो गया है। गाने ने आते ही फैंस के बीच हंगामा मचाना शुरू कर दिया है। हाल ही में इसका टीजर जारी किया गया था, जिसकी वजह से प्रशंसक पहले से ही काफी ज्यादा उत्साहित थे। इस गाने में सलमान अपने खास अंदाज और जोरदार डांस मूव्स के साथ स्क्रीन पर छा गए हैं। रश्मिका मंदाना ने अपनी खूबसूरती और बेहतरीन डांस से उनका भरपूर साथ दिया है। गाने के हुक स्टेप्स मशहूर 'डबके' डांस से प्रेरित हैं।शानदार सेट्स और तुर्की के मशहूर डांसर्स की मौजूदगी ने इसे गाने में चार चांद लगा दिए हैं। कोरियोग्राफर अहमद खान ने इसमें तुर्की स्टाइल जैसा फील डाला है, जिसकी वजह से गाना और भी ज्यादा खास बन गया है। गाने का म्यूजिक जैम8 ने तैयार किया है। समीर ने इसके बोल लिखे हैं।

लाइफ Style



# समीरा
## जिम और डाइट से हासिल की फिटनेस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

समीरा रेड्डी सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अपनी निजी जिंदगी से जुड़े अपडेट यहां शेयर करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी फिटनेस यात्रा के बारे में फैंस को बताया। साथ ही यह खुलासा भी किया कि उनका वजन बहुत ज्यादा कम नहीं हुआ है, बल्कि उनके इंचेज कम हुए हैं।

समीरा रेड्डी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इसमें अपनी फिटनेस को लेकर खुशी जताती नजर आईं। समीरा रेड्डी पर्पल ट्राउजर और व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं, जिसके साथ व्हाइट ब्लेजर कैरी किया है। समीरा रेड्डी ने बताया कि उन्होंने जिम, कार्डियो और डाइट के जरिए यह फिटनेस हासिल की है। वे अब काफी फिट और मजबूत महसूस कर रही हैं। समीरा रेड्डी ने अपने पोस्ट में बताया कि आखिरकार कपड़े फिट आने लगे हैं। हालांकि, इस फिटनेस यात्रा में उनके वजन में बहुत ज्यादा अंतर नहीं आया है। उनका वजन 90 किलो से 88 किलो हो गया है। यानी सिर्फ दो किलो का अंतर आया है। लेकिन, उनके इंच घटे हैं। समीरा रेड्डी ने पोस्ट शेयर कर लिखा है, 'किलो नहीं, इंच कम हुए हैं। 'जिम, डाइट और कार्डियो से वजन में ज्यादा बदलाव नहीं आया है, लेकिन इंच में जरूर बदलाव आया है, जो कि मैं चाहती हूं। हालांकि, मैं 90 किलो से 88 किलो पर आ गई हूं। मेरी मसल्स बढ़ी हैं। मैं अब ज्यादा मजबूत महसूस करती हूं। स्टेमिना बढ़ गया है और कपड़े भी अब फिट आ रहे हैं'। समीरा ने आगे लिखा, 'छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाना इस फिटनेस यात्रा में उत्साह और जोश बनाए रखने का सबसे बढ़िया तरीका है'।

## हॉलीवुड मसाला



# गला घोंटने की बात स्वीकारी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन मेजर्स को अपनी पूर्व प्रेमिका ग्रेस जब्बारी को परेशान करने के मामले में दोषी पाया गया था। अब इस मामले में इन दोनों के बीच के झगड़े का एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आया है, जिसमें अभिनेता उन्हें उत्पीड़न करने और गला घोंटने की बात स्वीकार कर रहे हैं। यह ऑडियो सितंबर 2022 का बताया जा रहा है। इसमें जब्बारी ने अभिनेता जोनाथन से बात करते हुए अपने ऊपर किए हमले को लेकर सवाल किया है।



# अगले साल का ऑस्कर भी होस्ट करेंगे कॉनन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म एकेडमी की तरफ से बताया गया कि अगले साल यानी 2026 में होने वाले ऑस्कर अवॉर्ड के होस्ट फिर से कॉनन ओ'ब्रायन ही होंगे। यह अवॉर्ड अगले साल 15 मार्च को होगा। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड का होस्ट बनकर कॉनन ओ'ब्रायन भी काफी खुश हैं। कॉनन ओ'ब्रायन कहते हैं, 'अगले साल ऑस्कर को होस्ट करने का एक अकेला कारण यह है कि मैं एड्रियन ब्रॉडी को उनकी स्पीच खत्म करते हुए सुनना चाहता हूं।' इस अवॉर्ड के ब्रॉडकास्टर एबीसी के अनुसार भी मार्च महीने की शुरुआत में 97वें ऑस्कर अवॉर्ड को लगभग 19.7 मिलियन दर्शकों ने देखा। यह 2025 का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला प्राइम टाइम एंटरटेनमेंट शो भी था। इस बार के ऑस्कर अवॉर्ड में कॉनन की होस्टिंग की, कॉमेडी की काफी तारीफ हुई।



# तापसी ने कहा -मेरे लिए कुछ भी नहीं बदला

**मुंबई।** कुछ दिनों पहले अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी ने यह दावा किया था कि फिल्म 'पिंक' के प्रमोशन के दौरान उन्हें नजरअंदाज किया गया था। कीर्ति कुल्हारी के इस दावे पर अब फिल्म 'पिंक'की मुख्य अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कीर्ति के साथ अपने रिश्तों पर तापसी ने कहा, 'उसने हमारे रिश्ते या स्थिति को एक निश्चित तरीके से देखा, इसलिए शायद उसने मुझसे दूरी महसूस की। मैंने हमेशा उसके साथ पेशेवर रवैया अपनाया और अब भी रखती हूं। मैंने उसके साथ मिशन मंगल में भी काम किया है और मुझे नहीं लगता कि पेशेवर तौर पर मेरे लिए कुछ बदला है, क्योंकि जहां से मैंने देखा, मुझे कोई असमानता नहीं दिखी। इसलिए, मेरे लिए, यह वही लड़की थी जिसके साथ मैंने पिंक में काम किया था।



# करण ने किया खुशी व इब्राहिम का बचाव

**मुंबई।** सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान ने इस महीने फिल्म 'नादानियां' से डेब्यू किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई है, जिसमें इब्राहिम के साथ खुशी कपूर नजर आई हैं। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली है, उल्टा आलोचनाएं हो रही हैं। इब्राहिम और खुशी को भी ट्रोल किया जा रहा है। खुशी और इब्राहिम की ट्रोलिंग पर अब तक कई सेलेब्स उनका बचाव कर चुके हैं। अब हाल ही में करण जौहर ने दोनों सितारों का बचाव किया है। यहां उनसे 'नादानियां' को मिल रहे नेगेटिव रिव्यूज पर सवाल किया गया। करण जौहर ने 'नादानियां' की आलोचना पर कहा, 'मैं बस ये ही कहूंगा, एक पुरानी फिल्म का अल्फाज है कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना...छोड़ो बेकार की बातें, बीत न जाए रैना'।

## टीवी मसाला



# 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में आने वाले हैं कई ट्विस्ट

नई दिल्ली। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की कहानी में फिर एक बार 5 महीने का लीप आने की खबर है। जानकारी के मुताबिक मेकर्स शो में कुछ बड़े ट्विस्ट लाने जा रहे हैं ताकि यह टीआरपी ग्राफ पर फिर नई छलांग लगा सके। अरमान और अभिरा आईवीएफ के जरिए अपने परिवार की नई शुरुआत करना चाहते थे लेकिन बार-बार कंसीव करने की उनकी कोशिश नाकाम रहेगी। दोनों आईवीएफ ट्रीटमेंट ट्राय करेंगे लेकिन यह भी फेल हो जाएगा। डॉक्टर दोनों को सरोगेसी की सलाह देगी लेकिन अरमान इस पर राजी नहीं होगी। अभिरा बार-बार उसे समझाने की कोशिश करेगी लेकिन अरमान नहीं चाहता कि अभिरा के अलावा कोई और उसके बच्चे की मां बने। अभिरा अपने पति अरमान को राजी करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। वह अरमान को बताएगी कि वह अब मां बनना चाहती है और इसके लिए कुछ भी करने को तैयार है। आखिरकार अरमान को अपनी पत्नी के आगे झुकना होगा। दोनों सरोगेट मदर की तलाश शुरू करेंगे और आखिरकार उन्हें एक लड़की इसके लिए मिल जाएगी। यह लड़की कोई और नहीं, बल्कि रोहित की पत्नी रूही होगी। दोनों इसी लड़की के साथ अपने ट्रीटमेंट को आगे बढ़ाने का फैसला लेंगे। रोहित भी इसके लिए राजी हो जाएगा और अरमान-अभिरा के दर्द और उनकी जरूरत को समझेगा कि दोनों अभी किस तकलीफ से गुजर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक कहानी में 5 महीने का लीप आएगा और कहानी आगे बढ़ जाएगी।

## सामने आएगा वसुंधरा का काला सच फूटेगा अनुपमा के गुस्से का ज्वालामुखी



**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है। अनुपमा की बेटी राही का एडमिशन इंटरव्यू लेटर जला देने के बाद मोटी बा ऐसी अनजान बनी बैठी है, जैसे उन्हें कुछ पता ही नहीं हो। होली पार्टी के दौरान प्रेम को मैसेज के जरिए इंस्टीट्यूट से यह पता चलेगा कि उन्हें लेटर भेजा गया था और इसे किसी ने उनके यहां से रिसीव भी किया था। इंस्टीट्यूट बताएगा कि उनका एडमिशन कैंसिल कर दिया गया है क्योंकि वो दोनों इंटरव्यू के लिए नहीं पहुंचे थे। मोटी बा यह सब देख रही होगी लेकिन चुपचाप बैठी रहेगी। लेकिन वहीं पर मौजूद अनुपमा वसुंधरा कोठारी के हावभाव पढ़ लेगी। मोटी बा की कही पुरानी बातों को उसके वर्तमान हावभावों से जोड़कर देखते हुए अनुपमा समझ जाएगी कि हो ना हो, वसुंधरा कोठारी इस मामले में कुछ ना कुछ तो जरूर जानती हैं। क्योंकि अनुपमा खुद भी अपनी सास की ऐसी हरकतें देख चुकी है, इसलिए भी उसे मोटी बा पर शक होगा।

# रेखा के काफी नखरे थे, अमिताभ के साथ नहीं थे अच्छे संबंध...

**नई दिल्ली।** रेखा हिंदी सिनेमा की सबसे बेहतरीन और खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से थीं और यही वजह है कि हर डायरेक्टर उन्हें अपनी फिल्म में लेना चाहता था। अब रेखा को लेकर इंडियन सिनेमा का पॉपुलर विलेन रंजीत ने कुछ बातें बताई हैं। उन्होंने बताया कि कैसे एक बार उन्होंने रेखा को अपनी फिल्म के लिए साइन किया था, लेकिन फिर उन्होंने एक्ट्रेस से साइनिंग अमाउंट वापस मांगा। ऐसा क्यों हुआ आगे बताते हैं।



***रेखा को किया साइन :*** रंजीत ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक समय ऐसा था जब वह परेशान हो गए थे उन रोल को लेकर जो उन्हें ऑफर किए जा रहे थे। उन्होंने कहा, 'मैंने एक दशक तक फिल्में साइन नहीं की। मैं परेशान हो गया था, इसलिए मैंने अपनी फिल्में बनाने का सोचा। मैं एक्टर्स को पैसे देते थे उनके काम के बाद, लेकिन कुछ मुझसे नहीं लेते थे जो हमारे बीच बॉन्ड होता था उस वजह से। वैसे ही मैंने एक बार रेखा को बोला कि आप मेरी दोस्त हो, लेकिन मैं आपको एक फिल्म में लेना चाहता हूं। आप मुझे एक अमाउंट बता दो और मैं आपको पैसे दे दूंगा और उन्होंने बताया। इसके बाद मुझे एहसास हुआ कि किसी और ने जिन्होंने उन्हें अपनी किसी फिल्म में साइन किया होगा वह उन्हें 5 लाख दे रहे हैं और ये अमाउंट उससे कम था जो उन्होंने मुझे बताया था।' रंजीत ने आगे कहा, 'मुझे पता है कि उनके घर के बाहर प्रोड्यूसर्स की लाइन होती है जो उनसे मिलने चाहते हैं। मैंने जब उन्हें स्टोरी बताई, मेरी पूरी टीम बाहर इंतजार कर रही थी क्योंकि रेखा ने सबको नहीं आने दिया था। मैंने रेखा को बोला भी, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें बाहर ही इंतजार करने दो। सिर्फ फरजाना (रेखा की मैनेजर) ही सबके मैसेज रेखा तक पहुंचाती थी। वह किसी से नहीं मिलती थीं।'

# पहली फिल्म से रातोंरात स्टार बने नवीन निश्चल
## पहली पत्नी ने दिया तलाक-दूसरी की वजह से गए जेल

**नई दिल्ली।** नवीन निश्चल ने हिंदी सिनेमा में अपनी एक खास पहचान बनाई। उनका जन्म 18 मार्च 1946 को लाहौर में हुआ था। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत 1970 में फिल्म 'सावन भादो' से की थी। नवीन निश्चल का जीवन उतार-चढ़ाव से भरा रहा। उन्होंने सिनेमा में शानदार योगदान दिया, तो दूसरी ओर उनकी निजी जिंदगी चर्चा का विषय बनी रही। उनका फिल्मी सफर और पर्सनल लाइफ आज भी लोगों के लिए बीच जिज्ञासा का विषय है।

### नवीन का कॅरियर

नवीन निश्चल ने फिल्म और टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से अभिनय की शिक्षा ली और वह एफटीआईआई के फर्स्ट गोल्ड मैडलिस्ट रहे। उनकी पहली फिल्म 'सावन भादो' थी। इस फिल्म में नवीन की



को-स्टार रेखा थीं। यह फिल्म हिट रही। इस सफलता ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इसके बाद नवीन ने विक्टोरिया नंबर 203 , बुड्ढा मिल गया, धुंध, हंसते जख्म और परवाना जैसी कई यादगार फिल्मों में काम किया। उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब पसंद किया। नवीन की आखिरी फिल्म खोसला का घोसला थी, जिसमें उन्होंने सहायक किरदार निभाया था।

### टीवी में किया अभिनय

नवीन के करियर में कई उतार-चढ़ाव आए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सेट पर नवीन के नखरे और सह-कलाकारों और निर्माताओं के साथ तनाव की वजह से उनकी लोकप्रियता कम हुई। बाद में उन्होंने टीवी की ओर रुख किया और देख भाई देख जैसे शो में काम किया।

### दो शादी और तलाक

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नवीन ने अपनी पहली शादी अभिनेता देव आनंद की भतीजी नीलू कपूर से की थी। इस शादी से उनकी दो बेटियां, नताशा और नोमिता हुईं। हालांकि, उनके को-स्टार पद्मिनी कपिला के साथ कथित अफेयर की खबरों के बाद नीलू ने उन्हें तलाक दे दिया। इसके बाद 1996 में नवीन ने गीतांजलि से दूसरी शादी की। यह रिश्ता भी विवादों में रहा। 2006 में गीतांजलि ने आत्महत्या कर ली और अपने सुसाइड नोट में नवीन पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। इस मामले में नवीन को जेल भी जाना पड़ा, लेकिन बाद में उन्हें जमानत मिल गई।

## सिर्फ बॉलीवुड तक ही सीमित नहीं, हॉलीवुड में भी थे एक जाना-पहचाना चेहरा

# बाल कलाकार के रूप में कॅरियर शुरू कर फिल्मों में चमके थे शशि कपूर



*नई दिल्ली। शशि कपूर अपने जमाने में बॉलीवुड के सुपरस्टार थे। अपनी अदाकारी से वह फिल्मों में जान डाल देते थे। उन्होंने देश-विदेश में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया था और इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई। जब शशि कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कहा, तब हिंदी सिनेमा को बहुत बड़ा झटका लगा था। आज भी उनकी फिल्में और डायलॉग लोगों के दिलों में जिंदा हैं। मंगलवार को अभिनेता की 87वीं जयंती थी।*

**परिवार :** शशि कपूर हिंदी सिनेमा के सबसे पहले और सबसे बड़े परिवार 'कपूर खानदान' की दूसरी पीढ़ी का हिस्सा थे। शशि कपूर के निधन के साथ ही पृथ्वीराज कपूर के परिवार की दूसरी पीढ़ी का अंत हो गया, क्योंकि शशि पृथ्वीराज कपूर के सबसे छोटे बेटे थे। उन्होंने मशहूर अभिनेत्री जेनिफर केंडल से शादी की। इस शादी से उन्हें तीन बच्चे कुणाल कपूर, करण कपूर और संजना कपूर पैदा हुए। कुणाल कपूर ने शीना सिप्पी से शादी की। शीना मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक रमेश सिप्पी की बेटी हैं। उन्होंने अपने बेटे का नाम सिनेमा में कपूर खानदान की नींव रखने वाले पृथ्वीराज कपूर के नाम पर रखा, जहान पृथ्वीराज कपूर है। उनकी बेटी का नाम सायरा है। शशि कपूर के दूसरे बेटे करण कपूर ने लोरना से शादी की और जाक कपूर और आलिया कपूर नाम के उनके दो बच्चे हैं। शशि कपूर की तीसरी संतान संजना कपूर ने दो शादियां कीं। पहली शादी उन्होंने निर्माता-अभिनेता आदित्य भट्टाचार्य से की। दूसरी शादी उनकी वाल्मीक थापर से हुई, इस शादी से उन्हें एक बेटा हमीर थापर है।

### बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर

शशि कपूर ने दीवार, कभी-कभी, नमक हलाल, सत्यम शिवम सुंदरम, शर्मीली और शान जैसी कुछ ब्लॉकबस्टर फिल्मों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। शशि कपूर उन चंद बॉलीवुड अभिनेताओं में से एक थे, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में सफलतापूर्वक कदम रखा। उन्होंने 12 अंग्रेजी भाषा की फिल्मों में काम किया। उन्होंने मर्चेंट-आइवरी प्रोडक्शंस के साथ बड़े पैमाने पर सहयोग किया, जिसमें द हाउसहोल्डर, शेक्सपियर वाला, बॉम्बे टॉकी, हीट एंड डस्ट जैसी प्रशंसित फिल्मों में अभिनय किया। शशि कपूर की लोकप्रियता सिर्फ बॉलीवुड तक ही सीमित नहीं थी, वे हॉलीवुड में भी एक जाना-पहचाना चेहरा थे।

### कॅरियर

शशि कपूर अपने कॅरियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्होंने अपने पिता पृथ्वीराज कपूर द्वारा निर्देशित और निर्मित नाटकों में अभिनय किया और बाद में 1940 के दशक के अंत में शशिराज के नाम से बाल कलाकार के रूप में शुरुआत की। बाल कलाकार के रूप में उनकी सबसे प्रसिद्ध भूमिकाएं आग (1948) और आवारा (1951) में थीं, जहां उन्होंने अपने बड़े भाई राज कपूर द्वारा निभाए गए किरदारों की युवा भूमिकाएं निभाई थी।

***प्रोडक्शन हाउस :*** *शशि कपूर ने 1970 के दशक के अंत में फिल्म वालास नाम से अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस स्थापित किया। इस बैनर के जरिए उन्होंने कई बेहतरीन फिल्में बनाईं, जो कमर्शियल बॉलीवुड मसाला फिल्मों के बजाय सार्थक और ऑफबीट सिनेमा पर केंद्रित थीं। फिल्म वालास के तहत निर्मित कुछ बेहतरीन फिल्मों में जुनून, कलयुग, विजेता, 36 चौरंगी लेन और उत्सव शामिल हैं।*

***उपलब्धियां :*** *2011 में शशि कपूर को कला-सिनेमा में उनके योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। 2015 में उन्हें 2014 दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे वे पृथ्वीराज कपूर और राज कपूर के बाद भारतीय सिनेमा में सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त करने वाले अपने परिवार के तीसरे सदस्य बन गए।*

